Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University
Faculty of Architecture & Planning
(Incorporating Former Lucknow College of Architecture)
Tagore Marg, Lucknow – 226 007;(U.P) India
Phone: +91 522 2741598(Telefax);+91 522 2741598 (EPBAX)
Website: www.foaaktu.ac.in, e-mail: dean.foa@aktu.ac.in

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
वास्तुकला एवं योजना संकाय
(पूर्ववर्ती **लखनऊ वास्तुकला महाविद्यालय** संयुक्तित)
टैगोर मार्ग, लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
दूरभाष– +91522 2741598 (टेलीफैक्स)+915222741598 (ईपीबीएक्स)
वेबसाइट: www.foaaktu.ac.in,ई.मेल.: dean.foa@aktu.ac.in

पत्रांकः लवाम / प0नि0का0 / 01 / सा0पत्रा0 / 2022–23 / 134 दिनांकः 22 मार्च, 2023

सूचना

संस्था (051) के बी0 आर्क0 पाठ्यक्रम के छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर फेस–2 परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की स्क्रूटनी तथा चैलेंज पुनर्मूल्यांकन, विश्वविद्यालय द्वारा लागू रेगुलेशन्स के अनुसार, कराये जाने हेतु इच्छुक छात्र / छात्राएं निम्नवत आवेदन करें–

1. उत्तरपुस्तिकाओं की स्क्रूटनी कराये जाने हेतु इच्छुक छात्र / छात्राएं दिनांक 29 / 03 / 2023 तक निर्धारित शुल्क रू0 1000 / – (रूपये एक हजार) प्रति विषय की दर से आवेदन कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
2. छात्र / छात्राएं जो अपनी उत्तरपुस्तिका का चैलेन्ज पुनर्मूल्यांकन कराना चाहते हैं वह अपनी मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका देखने के लिये रू0 300 / – (रूपये तीन सौ) प्रति विषय की दर से जमा कराते हुये 29 / 03 / 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त धनराशि की रसीद दिखाने पर मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका छात्र / छात्राओं को दिखा दी जायेगीं।
3. छात्र / छात्राओं द्वारा मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त यदि छात्र / छात्राएं असंतुष्ट होते हैं तो वह चैलेंज पुनर्मूल्यांकन के लिये आवेदन कर सकते हैं।
4. उत्तरपुस्तिकाओं का चैलेंज पुनर्मूल्यांकन कराये जाने हेतु इच्छुक छात्र / छात्राएं दिनांक 31 / 03 / 2023 तक निर्धारित शुल्क रू0 2500 / – (रूपये दो हजार पाँच सौ) प्रति विषय की दर से आवेदन कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

प्राचार्य की अनुमति से यह सूचना निर्गत की जा रही है।
उक्त सूचना संस्था की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

(ईश्वर चन्द्र विद्या सागर)
परीक्षा नियन्त्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य / अधिष्ठाता, वास्तुकला एवं योजना संकाय।
2. विभागाध्यक्ष, वास्तुकला एवं योजना संकाय।
3. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि इसे संस्था की वेबसाइट पर अपलोड करायें।
4. लेखा कार्यालय, वास्तुकला एवं योजना संकाय।
5. गार्ड फाइल।

(ईश्वर चन्द्र विद्या सागर)
परीक्षा नियन्त्रक